प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा का चार दिवसीय सत्र आज से, सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने बनायी रणनीति।
2. सत्ता पक्ष की बैठक में नाला विधायक रबीन्द्र नाथ महतो को फिर स्पीकर बनाने पर बनी सहमति।
3. राज्य के पारा शिक्षकों के मानदेय में चार फीसदी की बढ़ोतरी, सरकार का जनवरी 2025 से ही बढ़े मानदेय का लाभ देने का आदेश।
4. मौसम विभाग ने अगले चार दिन राज्यभर में घना कोहरा छाने का जताया पूर्वानुमान, आज कई जिलों में बारिश की संभावना।
5. भोपाल में आयोजित दिव्यांग महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड बना उपविजेता, संयुक्ता एक्का बनी प्लेयर ऑफ द सीरीज।

********************

छठी झारखंड विधानसभा का पहला सत्र आज से शुरु हो रहा है। 12 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के पहले दो दिन नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। इसके बाद स्पीकर का चुनाव होगा। झामुमो के नाला विधायक रबीन्द्र नाथ महतो का एक बार फिर स्पीकर बनना तय माना जा रहा है। सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक में श्री महतो को स्पीकर बनाने पर सहमति बन चुकी है। 11 दिसंबर को राज्यपाल का अभिभाषण होगा और इसी दिन राज्य सरकार अपना द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेगी। सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लाया जायेगा और फिर इसपर चर्चा होगी।

********************

आज से शुरु हो रहे विधानसभा सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अलग–अलग बैठक कर रणनीति तैयार की। मुख्यमंत्री आवास पर हुई सत्ता पक्ष की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इंडिया ब्लॉक के विधायकों को कई आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि बैठक में अनुपूरक बजट से लेकर राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष के प्रश्नों का तार्किक जवाब देने के लिए कहा गया है।

मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी को सदन के भीतर विपक्ष के सवालों का माकूल जवाब देने और सत्र को उपयोगी बनाने का निर्देश दिया।

********************

इधर, भाजपा विधायकों की बैठक में भी सत्र को लेकर रणनीति तैयार की गयी। बैठक के बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों को बताया कि भाजपा जनमुद्दों पर सड़क से सदन तक मुखर रहेगी।

********************

राज्य के 58 हजार पारा शिक्षकों के मानदेय में जनवरी 2025 से चार फीसदी की बढ़ोतरी होगी। इस सिलसिले में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि प्रतिवर्ष मानदेय में तय राशि की बढ़ोतरी की जायेगी। राज्य के शहरी क्षेत्र के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को दो वर्ष और शेष शिक्षकों को एक वर्ष के एरियर राशि का भुगतान किया जायेगा।

********************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कांके थाना क्षेत्र के होचर निवासी मिन्हाजुल अंसारी ने पूछताछ में अपना अपराध कबूल किया है। पुलिस रक्षा राज्य मंत्री से रंगदारी मांगने के पीछे मिन्हाजुल अंसारी की असली मंशा का पता लगा रही है।

********************

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पूर्वी सिंहभूम जिले के सुदूरवर्ती लखाईडीह गांव स्थित आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पुलिस ने जुबली पार्क और टाटा स्टील जैविक उद्यान का भ्रमण कराया। लखाईडीह एक नक्सल प्रभावित गांव है जहां इस बार के चुनाव में पहली बार निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन के द्वारा पोलिंग बूथ बनाया गया था। जिले के वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि पब्लिक और पुलिस की दूरी कम करने लिए इस प्रकार की अनोखी पहल की जा रही है।

********************

बोकारो जिले में स्कूल बसों को दुरुस्त रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सख्त कदम उठाये जा रहे हैं।

********************

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक राज्यभर में घना कोहरा छाने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान ठंडी हवा के कारण रात में कनकनी और अधिक बढ़ सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट आयेगी। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज पलामू, गढ़वा, लातेहार और उत्तरी भाग के कुछ हिस्सों को छोड़कर राज्यभर में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

********************

भोपाल में आयोजित दिव्यांग महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड की टीम उपविजेता बनी है। फाइनल के रोमांचक मुकाबले में झारखंड की टीम को मध्य प्रदेश के हाथों पांच रन से हार का सामना करना पड़ा। झारखंड की कप्तान संयुक्ता एक्का को प्लेयर ऑफ द सीरीज और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया। महिला उरांव को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया।

********************

- सरायकेला खरसावां जिले में पुलिस द्वारा अफीम की खेती को लेकर ग्रामीणों को जागरुक किया जा रहा है। इस सिलसिले में सुदरवर्ती क्षेत्र कुचाई और खरसावां में अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराया गया।
- संस्कार भारती की हजारीबाग इकाई द्वारा कला उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नृत्य, रंगोली, पेंटिंग से जुड़ी विधाओं को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- सीसीएल की टंडवा स्तिथ मगध परियोजना के कामगारों ने सन्डे कटौती का विरोध किया है। कामगारों का कहना है कि संडे कटौती का फैसला वे स्वीकार नहीं करेंगे।
- चतरा जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग स्थित सामुदायिक भवन में कोल इंडिया लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और रूट्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हरित समृद्धि पहल का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आज से शुरु हो रहे झारखंड विधानसभा सत्र और इसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष की बैठकों की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– बदली सी दिखेगी सदन की तस्वीर, न नेता प्रतिपक्ष होंगे, न मनोनीत विधायक।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– विधानसभा का पहला सत्र आज से, पक्ष– विपक्ष तैयार।

प्रभात खबर लिखता है– विधानसभा सत्र आज से, रबीन्द्र नाथ फिर बनेंगे स्पीकर।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– फिर से विधानसभा अध्यक्ष बन सकते हैं रबीन्द्र नाथ महतो।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– झारखंड में बढ़ेगी ठंड, बारिश  की संभावना।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने सीरिया में बगावत की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

********************